हरिभूमि

# छिंदवाड़ा भूमि

जबलपुर, शुक्रवार 12 जनवरी 2024

login : www.haribhoomi.com

[ पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई ]

## खबर संक्षेप

### अक्षत कलश यात्रा 13 जनवरी को

**जुन्नारदेव।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखते हुए स्थानीय वार्ड क्र-03 में स्थित श्री शंकर मंदिर में वार्ड की समस्त मातृ शक्ति द्वारा आज सुंदरकांड का आयोजन किया गया कल 12 जनवरी को हवन पूजन,प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है एवं 13 जनवरी को वार्ड में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अक्षत कलश यात्रा निकाली जावेगी। वार्ड क्र-03 की मातृ शक्ति ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### फर्जी कॉल कर सचिवों को दी जा रही धमकी

**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत के सचिवों को लगातार फर्जी कॉल पर लोकायुक्त से जांच संबंधी शिकायत की धमकी मिल रही है। फर्जी कॉल करने वाले व्यक्ति द्वारा कहा जाता है कि मैं मंत्रालय से बोल रहा हूं और तुम्हारी नौकरी खतरे में आ जाएगी इस प्रकार की धमकियां देकर सचिवों को चमकाने का काम किया जा रहा है, उक्ताशय की सूचना सचिव स्वरूप मालवीय, इन्दर विश्वकर्मा द्वारा दी गई है जिन्हें फर्जी कॉल किया जा रहे हैं, इनके अतिरिक्त अन्य सचिवों को भी इसी प्रकार से फर्जी कॉल कर धमकियां दी जा रही है उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मोबाइल नंबर 8960853979 से अनजान व्यक्ति द्वारा धमकी भरे कॉल किया जा रहे हैं। उन्होंने अन्य सचिव साथियों को भी ऐसे फर्जी कॉल से सावधान रहने की बात कही है।

### होटल एवं ढाबों का किया निरीक्षण

**चौरई।** आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चौरई के निर्देशन मे नायब तहसीलदार चौरई श अमित रिनायते, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी चौरई ,पटवारी नीरज वर्मा तथा मोहन चौरिया द्वारा संयुक्त रूप से स्थानीय होटल ढाबो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लकी रेस्टारेंट चौरई , न्यु स्टार रेस्टारेंट ,पंडित जी डेली नीड्स एवं रेस्टारेंट तथा अर्ष डेली नीड्स एवं रेस्टारेंट मे 14.2 केजी के घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसासिक उपयोग किया जाना पाया गया।

### जनमन योजना के तहत भारिया जनजाति के लिए होने वाले विकास कार्यों में रेत की कमी आएगी आड़े

# रेत चोरी पर रोक लगाने प्रशासन को बरतनी होगी सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन मन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के तहत भारीया जनजाति के लोगों को अभी तक जो मूलभूत सुविधाएं शासन से उन्हें मिलनी थी। इस कारण योजना का लाभ नहीं मिला था। अब योजना में शामिल होते ही जिला प्रशासन भारिया जनजाति के लिए सतर्क हुआ और पातालकोट के भारिया जाती के लोगों को मूलभूत सुविधाएं दिलवाने कलेक्टर दो बार पहुंच विहीन क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं। इस दौरे में सच भी सामने आया कि आज भी भारीया शासन की योजना एवं मूलभूत सुविधाओं से पूर्णतया वंचित हैं। अब आनन-फानन में उन्हें जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान, कार्ड गैस, कनेक्शन ,जनधन बीमा योजना, जैसी मूलभूत सुविधाओं को दिलबाने के लिए प्रशासन हरकत में आया और सच सामने आया कि अभी तक इनके पास पक्के मकान भी नहीं है। इसके बाद सच सामने आया कि 2031 भारी जनजाति के आदिवासियों को पक्के मकान स्वीकृत किये है जिसमें आवास के लिए दौलाख सैतीस हजार मजदूरी एवं शौचालय के हिसाब से स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से आज अधिकांश भारिया हितग्राहियों के खाते में प्रथम , किस्त पचास हजार डाले गये। इससे से सिद्ध हुआ है कि भारिया जनजाति के लोग आज भी शासन की सुविधाओं से आज भी वंचित है। इस योजनाओं में इन लोगों के लिए सड़क , स्टॉप डैम , सीमेंट रोड पुल, पुलिया, आवास निर्माण कार्य कराये जाएंगे लेकिन इन निर्माण कार्यों में सर्वाधिक कमी आएगी रेत की क्योंकि हर चीज बाजार में मिल जाती है । लेकिन नदी से ही रेत निकाली जाती है जबकि तामिया तहसील में बरसों से खनिज, राजस्व पुलिस, विभागों के संरक्षण में रेत नदियों से निकलकर हजारों ट्रॉली रेत निकल चुकी है और यह सिलसिला अनवरत जारी है।

लेकिन अब प्रधानमंत्री की जनमन योजना के तहत जो भारिया जनजाति के लिए निर्माण कार्य होना हैं। उनमें रेत रोकने के लिए प्रशासन को कारगर कदम उठाकर रेत चोरों से जो अब तक रेत नदियों में, बची है। अब उसे रोकने की जरूरत आन पड़ी है क्योंकि इतनी ज्यादा तादाद में इन पिछड़ी भारीया जाति के लिए विकास कार्य होंगे तो इसमें रेत की आवश्यकता पड़ेगी। इस तरह अब कलेक्टर को ईस और विशेष ध्यान देकर रेत चोरी को रोक कर नदी में रेत बचाना होगा जिससे विकास में रेत की कमी आड़े ना आ सके। क्योंकि हर नदी में रेत का अपना कोटा होता है और वह लगातार होती चोरी चलीं आ रही है।

इस तरह भारीया जनजाति के लिए प्रधानमंत्री की जनमन योजना के तहत होने वाले विकास कार्यों में रेत बाधा ना बन सके। इस कारण अब तक हो रही रेत चोरी पर रोक लगाना अत्यंत आवश्यक हो गया। अब देखना यह है कि इतनी बड़ी कार्य योजना में लाखों घन मीटर रेत लगना है। यदि रेत चोरी को नहीं रोका गया तो रेत की कमी के कारण निश्चित ही विकास में बाधा उत्पन्न होगी।

### जुन्नारदेव पुलिस की कार्यवाही

# चोरी के दो आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जुन्नारदेव पुलिस ने गुरूवार को चोरी के आरोपी को पकड़ने में सफलता अर्जित की है। जानकारी के अनुसार गत दिवस आरोपी ने एक अशोक लिलैंड का वाहन चुरा लिया था। वाहन की चोरी रिपोर्ट प्रार्थी सतीश भावरकर पिता लक्ष्मण भावरकर ने दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए और पुलिस टीम गठित कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस ने उस मार्गों के सीसीटीवी कैमरे भी दिखे। इसके बाद मुखबिरकीसूचना पर तलाश करते हुए ग्राम कुकरा थाना लावाघोघरी क्षेत्र में रहने वाले अंकित भावरकर के कब्जे से उक्त वाहन को जब्त किया गया। पूछताछ कर आरोपी अंकित भावरकर ने अपनी साथी सतीश उर्फ छोटू भावरकर निवासी माल पिपरिया के साथ मिलकर गाड़ी को चुराना बताया। इसके बाद उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय समक्ष जुन्नारदेव में पेश किया गया। जुन्नारदेव पुलिस ने आरोपी के पास से अशोक लीलैंड का वाहन करीब कीमत आठ लाख रूपए जब्त किया। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी अंकित पिता लेखराम भावरकर निवासी ग्राम करलाखुर्द चौकी सांवरी थाना लावाघोघरी और सतीश उर्फ छोटू भावरकर पिता तातूराम भावरकर निवासी ग्राम मालपिपरिया चौकी सांवरी थाना लावाघोघरी को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी अंकित भावरकर के विरूद्ध थाना देहात में अपराध क्रमांक 338/2021 धारा 379 भादवि ट्रैक्टर चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया है। इस कार्यवाही में पुलिस टीम की भूमिका रही।

# मतदाता दिवस पर निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन निर्वाचन आयोग भोपाल के आदेश अनुसार एवं शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव प्रभारी प्राचार्य डॉ संगीता वाशिंगटन के निर्देशन में किया गया। निबंध प्रतियोगिता में 15 विद्यार्थियों ने भागीदारी दी प्रथम स्थान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रोशनी विश्वकर्मा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर बीएससी द्वितीय वर्ष की नैना यदुवंशी व तृतीय स्थान पर बीएससी प्रथम वर्ष की निकिता उईके रही। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक की भूमिका में प्रो मोहम्मद आबिद, डॉ कैलाश गाकरे एवं नीलू कहार रहे। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित विद्यार्थी आगामी 13 जनवरी 2024 को जिला स्तर पर आयोजित होने वाली निबंध प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। प्राचार्य ने सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# नगर निगम छिंदवाड़ा ने हासिल की 55 वीं रैंक

**छिंदवाड़ा।** आज भारत सरकार के द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का परिणाम घोषित किया गया। छिन्दवाड़ा नगर पालिक निगम को 2023 सर्वेक्षण के पैरामीटर अनुसार डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्षन में 100 प्रतिशत, सोर्स सेग्रीगेशन में 100 प्रतिशत एवं वाटर वॉडी सफाई में 100 प्रतिशत, शौचालय सफाई में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है जबकि कचरे के निपटान में 27 प्रतिशत अंक प्राप्त होने, देश के अधिकतम शहरों में सीवरेज का कार्य पूर्ण होने एवं अन्य शहरो को वाटर प्लस के अच्छे अंक प्राप्त होने के परिणाम स्वरूप छिन्दवाड़ा नगर निगम को राष्ट्रीय स्तर पर 55 वी रैंक और राज्य में 18 वी रैंक प्राप्त हुई है । नगर निगम आयुक्त ने बताया कि नगर निगम छिन्दवाड़ा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारी प्रारंभ कर चुका है एवं इस वर्ष के परिणामों में होने वाली कमियों की समीक्षा कर स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी की जायेगी। इसके साथ ही नगर निगम 2024 में 5 स्टार के लिए आवेदन प्रस्तुत करेंगा। निगम द्वारा वाटर प्लस की भी तैयारी पूर्ण की जावेगी, इसके साथ ही सर्वेक्षण हेतु वास्ताविक तैयारियों में जोर दिया जावेगा। जिससे 2024 में छिन्दवाड़ा नगर निगम की रैकिंग में सुधार हो सके।

# दशहरा मैदान में आज होगा कबड्डी का फाइनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर जनजागरण मंच के तत्वाधान में स्थानीय दशहरा मैदान में 9 से 12 जनवरी तक आयोजित अखिल भारतीय ओपन कबड्डी प्रतियोगिता के तीसरे दिन गुरुवार को अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लीग मैच खेले गए, जनजागरण मंच के सदस्य दुर्गेश नरोटे ने जानकारी देते हुए बताया की देश भर से छिंदवाड़ा पहुंची जानी मानी कबड्डी टीमों के मध्य क्वाटर फाइनल में स्थान पक्का करने दिन भर जोर आजमाइश चलती रही, रोमांचक मुकाबलो के दौरान पूरा कबड्डी मैदान दर्शको से खचाखच भरा रहा, सर्वप्रथम दिन का पहला मैच बालूराम स्टेडियम हरियाणा विरुद्ध सतना एकेडमी सतना के मध्य खेला गया जिसमे हरियाणा की टीम विजय रही, दूसरा मैच राजू गांधी स्टेडियम विरुद्ध फिजिकल एकेडमी के मध्य खेला गया जिसमें राजीव गांधी स्टेडियम विजय रही, तीसरा मैच गोरपानी और एमडी गुजरात के मध्य खेला गया जिसमे गुजरता की टीम विजय रही, चौथा मैच महाराष्ट्र एव मध्यप्रदेश जबलपुर के बीच खेला गया जिसमे मध्यप्रदेश जबलपुर विजय रही, दिन का पांचवा मैच गुजरात और मध्यप्रदेश भोपाल के बीच खेला गया जिसमे गुजरात विजय रही, छटा मैच महाराष्ट्र एव मध्यप्रदेश जबलपुर के मध्य खेला गया जिसमे जबलपुर विजय रही, साथ ही अन्य विजय टीमों में उत्तरप्रदेश, नरवाल हरियाणा, रेड आर्मी दिल्ली टीमें शामिल रही।

## नगर में निकाली राम पत्रक रैली, राम भजन का किया आयोजन

**बिछुआ** - ब्लाक कांग्रेस कमेटी बिछुआ के तत्वाधान में बिछुआ के प्रत्येक ग्राम में राम पत्रक में 108 भगवान श्रीराम लेखन कराया गया था।गुरुवार को राम पत्रक को एकत्रित कर ब्लाक कांग्रेस कार्यालय से चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी,ब्लाक अध्यक्ष जिला कांग्रेस महामंत्री इंद्रपाल पटेल,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर और पर्यवेक्षक किशोर डोंगरे,नगर अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने राम पत्रक की पूजन साथ बैंड बाजे के साथ एवं राम भजन के साथ नगर में रैली निकालकर मुख्य चौराहों से श्रीराम के जयकारों के साथ राम पत्रक लेकर मांता मां चौक पहुंचे।वहां हनुमान मंदिर में सुन्दर कांड का पाठ कर राम पत्रक पूजन के साथ हवन पूजन कर विशाल भंडारा आयोजन किया गया साथ दिनभर रामभक्तों के द्वारा राम भगवान के भजनों का गायन किया गया।उसके पश्चात इन राम पत्रकों को भगवान राम मंदिर अयोध्या में राम पत्रक बैंक जमा किया जाएगा। इस द्वारान जानिकराम मर्सकोले, कोठीराम धुर्वे, अतरलाल कुमरे, प्रेमसिंह उईके,सहस पटेल,बंशी उईके,पुसु उईके, शेषराव उईके,युवराज देशमुख, महेन्द्र सिंह ठाकुर,देवाराम पहाड़े द्वारपाल मालवीय,रिंकु पटेल,धर्म उत्सव प्रकोष्ठ अध्यक्ष तरूण मालवीय,रोहित रघुवंशी,सुनील धुर्वे,आरती शर्मा, पिंकी ढोके,भूरी साहू , तिलक वाहिने,पुरूषोतम डोंगरे , सहित सैकड़ों की संख्या राम भक्त मौजूद रहे।

# संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई महाविद्यालय की छात्राएं

**17 एवं 18 जनवरी को जुन्नारदेव में आयोजित होगी संभाग स्तरीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

अंतर महाविद्यालय संभाग स्तरीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 17 एवं 18 जनवरी 2024 को जुन्नारदेव में किया जाएगा, इसके लिए संपूर्ण तैयारी भी पूर्ण कर ली गई है उक्ताशय की जानकारी शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के खेल अधिकारी नीरज पाल द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की छात्राओं द्वारा पिछले वर्ष इतिहास रचते हुए महिला क्रिकेट का जिला स्तरीय फाइनल का खिताब अपने नाम किया था और वर्तमान में भी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तर पर अपना चयन सुनिश्चित किया है।

### 6 छात्राएं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुई चयनित

शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में छात्राएं लगातार क्रिकेट में नई उपलब्धियां हासिल कर रही है और वर्तमान में संभाग स्तरीय चयन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 6 छात्राएं जिसमें तनुश्री विश्वकर्मा, ममता ठाकुर, विनम उईके, युक्ति परते, अंबिका धुर्वे, हर्षलता नररे और रिजर्व खिलाड़ी के रूप में श्रेया डेहरिया विशाखा ने चयन सूची में अपना नाम दर्ज कराया है महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर वायके शर्मा सहित वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ ए के टांडेकर, डॉ संगीता वाशिंगटन, प्रो आरडी वाडिवा, प्रो आर के चंदेल, डॉ रश्मि नागवंशी, डॉ एस के शेण्डे, डॉ के सोनगरा सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ ने बधाई देते हुए छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का आयोजित हुआ सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

दमुआ राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन दिल्ली छिंदवाड़ा ईकाई के सम्मान समारोह में दमुआ से रविशंकर साहू व उमेश साहू आयोजन स्थल अपनी रसोई छिंदवाड़ा में शामिल हुए जिसमे राष्ट्रीय साहू तेली महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक जी साहू एवम प्रदेश महामंत्री श्री बाबूलाल जी साहू श्री विवेक बंटी साहू आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के आयोजक पदाधिकारी श्री अशोक साहू, श्री गिरीश साहू, श्री प्रकाश साहू, श्री राममोहन साहू, श्री यमन साहू , श्री शैलेन्द्र साहू, श्री विक्रम साहू, श्री तुलसी राम साहू , श्री बीरबल साहू, श्री शोनू मुन्ना लाल साहू, श्री दीपक साहू जी ने अपनी विशेष भूमिका निभाई वकार्यक्रम में चार चांद लगा दिए साथ ही प्रदेश एवम जिले के सभी सम्मानीय पदाधिकारी गण उपस्थित हुए जहां राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के व्दितीय कार्यकाल हेतु सम्मान जनक पद पर मनोनीत किया गया जिसमें रविशंकर साहू लायंस सेवा समिति दमुआ को भी मनोनयन पत्र, शील्ड ,व गमछा से सम्मान कर ब्लाक अध्यक्ष दमुआ के सम्मान जनक पद पर नियुक्त किया गया।

# दिव्यांग बच्चों को बांटे गए उपकरण

**दिव्यांगजन हुए खुश, 30 दिव्यांगों को मिली सहायता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरण वितरण शिविर जनपद शिक्षा केंद्र तामिया में संपन्न किया हुआ जिसमें मुख्य अतिथि तहसीलदार तामिया श्रीमती योगिता बाजपेई , वि.खं. शिक्षा अधिकारी प्रकाश कलंबे, प्राचार्य सी एम राइस बी के सानेर जन प्रतिनिधि दुर्गेश सलामे,कुरेश डेहरिया ,जिले से आए जि.शि. केंद्र लेखपाल एस आर ठाकरिया रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया. तत्पश्चात सभी मुख्य अतिथियों के स्वागत के साथ-साथ सभी अतिथियों द्वारा समस्त दिव्यांग बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्प माला के साथ स्वागत किया गया. इस अवसर पर दुर्गेश सलामे द्वारा बच्चों को सदेव सहयोग प्रदान करने एवं उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए उद्बोधन दिया गया, साथ ही वि.खं. शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों के शिक्षा एवं उन्हें नियमित स्कूल जाने एवं उपकरणों का उपयोग करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया, कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी देते सुमित चौरसिया एम आर सी द्वारा शासन की उपकरण वितरण योजना के बारे में संक्षेप में जानकारी दी गई एवं उन्हें किस तरह उपयोग करना है और उनके नियमित उपयोग के लिए अभिभावकों को मार्गदर्शन दिया गया. कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले बच्चों एवं अभिभावक को भोजन की व्यवस्था एवं यात्रा भत्ता ₹50 प्रति छात्र भी दिया गया. कार्यक्रम में विकासखंड के 30 दिव्यांग बच्चों को समस्त मुख्य अतिथियों के द्वारा उपकरण वितरण किया गया. एलिमको टीम जबलपुर द्वारा उपकरण के रखरखाव आदि के बारे में एवं उनके उपयोग के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया गया. कार्यक्रम के अंत में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री किशोर कुमार पांडे द्वारा सभी अतिथि एवं बच्चों का आभार व्यक्त किया गया एवं सभी बच्चों के लिए आशीष उद्बोधन दिया गया कार्यक्रम में जनपद शिक्षा केंद्र का समस्त स्टाफ एवं दिव्यांग बच्चों के संस्था प्रमुख शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

# 11 कुंडीय श्री मारुति महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा की तैयारियां प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



दमुआ में दिनांक 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि में प्रभु श्री राम की बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ दिन के अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम 11 कुंडीय श्री मारुति महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की तैयारीयां प्रारंभ हो गई है जिसको लेकर श्री श्री सिद्ध हनुमान टेकड़ी श्री सती अनुसूईया माता मंदिर सेवा धाम समिति व नगर वासियो में काफी उत्साह नजर आ रहा है ,समिति के सदस्यों द्वारा आसपास के गांव शहरों में जाकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु चंदा इकट्ठा किया जा रहा है एवं नगर वासियों द्वारा इस कार्यक्रम हेतु भरपूर सहयोग किया जा रहा है। 11 कुंडीय मारुति महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का सप्त दिवसीय कार्यक्रम दिनांक 22 जनवरी दिन सोमवार से प्रारंभ होकर 29 जनवरी दिन सोमवार तक आयोजित किया गया है। 11 कुंडीय मारुति महायज्ञ को संपन्न कराने आचार्य उपनिषदाचार्य जी महाराज काशी, उत्तर प्रदेश से , विशालानंद जी महाराज वृंदावन धाम वाले एवं उनके समस्त सहयोगी आचार्यगण पधार रहे हैं और श्रीमद् भागवत महापुराण कथा जिसमे विश्व प्रख्यात परम पूज्य श्री देवकी नंदन ठाकुर जी महाराज के शिष्य कथा व्यास श्री अनुग्रह सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में कथा का रसपान कराया।

### निगम सभाकक्ष में ली साप्ताहिक समय सीमा बैठक

# राजस्व वसूली को लेकर नगर निगम आयुक्त हुए सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने गुरुवार को निगम सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। आयुक्त ने शासन के निर्देश के बारे में जानकारी देते हुए आदेशित किया कि निगम अंतर्गत शासन से जिस मद हेतु राशि प्रदान की जाए उसी मद में ही उसका व्यय हो।राजस्व वसूली पर निगमायुक्त राहुल सिंह ने राजस्व अमले को सख्ती बरतने के निर्देश दिए। आयुक्त ने दुकान किराया जमा न करने वाले दुकानदारों पर तालाबंदी के निर्देश दिए। इसके साथ ही दुकान प्रीमियम जमा न करने वाले दुकानदारों के आवंटन निरस्त करने नस्ती प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक लीज रेंट जमा न करने वाले लिजधारियो को नोटिस जारी कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही संपत्ति कर एवं जलकर जमा न करने वाले भवन स्वामियों के नल कनेक्शन विच्छेद करने की सतत कार्यवाही के निर्देश दिए गए। संपत्ति कर जमा नही करने वाले भवन स्वामियों की संपत्ति कुर्क करने के लिए डिमांड नोटिस जारी करने के निर्देश निगमायुक्त ने दिए। पीएम स्वनिधि एवं मैं भी डिजिटल में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए गठित दल को प्रतिदिन रात्रि में शहर का भ्रमण करते हुए आश्रयहीन लोगो को आश्रय स्थल भेजने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना की नवीन डीपीआर के अन्तर्गत राशि लेने के बाद भी भवन निर्माण प्रारंभ नही करने वाले हितग्राहियों के प्रकरण राशि की रिकवरी हेतु तहसीलदार को भेजने के निर्देश दिए। संजीवनी क्लिनिक की समीक्षा के दौरान भौतिक प्रगति के अनुरूप वित्तीय प्रगति न होने पर भुगतान के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही शेष संजीवनी भवनों को 10 दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान एसडीआरएफ, कायाकल्प अभियान एवं मुख्यमंत्री अधोसंरचना अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में निगमायुक्त ने अवैध कॉलोनियों पर हो रही अवैध कॉलोनियों पर एफआईआर की समीक्षा भी की। इसके साथ ही आयुक्त ने जनसुनवाई, जन आकांक्षा पोर्टल, कलेक्टर टीएल, सीएम हेल्पलाइन, उत्तरा पोर्टल, महापौर हेल्पलाइन सहित निगम टीएल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की एवं समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त कमलेश निरगुडकर, कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली सहित सभी शाखा प्रमुख एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

विधिक साक्षरता एवं जागरूकता सप्ताह का किया गया आयोजन, विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

# हाईस्कूल और हायर स्कूल में पहुंचने से कुछ नहीं होता हमारी सोच भी हाई और हायर होनी चाहिए - न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



स्थानीय गिरजाबाई केकतपूरे कन्या शाला में आज विधिक साक्षरता एवं जागरूकता समारोह संपन्न हुआ। इस मौके पर जिला अपर सत्र न्यायाधीश पवन कुमार पटेल ने शाला की समस्त छात्राओं को काफी रोचक तरीके से जीवन के अनुभव से सबक सीखने और कानून की जागरूकता का महत्व समझाया। मा. न्यायाधीश महोदय ने ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें परिस्थितियों को दोष देने की बजाय जैसी है वैसी स्वीकार करनी चाहिए। कोई स्कूल में अच्छे नंबर ला रहा है तो हमें समझना चाहिए कि यह उसके अनेक दिनों की मेहनत का परिणाम है कोई एक दो दिन का नहीं। हमें संघर्ष कर परिस्थितियों पर नियंत्रण करना होगा। सफल लोग हमेशा ही अनुशासित होते है।

जज महोदय ने कहा हमारे हाई और हायर स्कूल पहुंचने से कुछ नहीं होता बल्कि हमारी सोच भी हाई और हायर होनी चाहिए। आप कक्षा 10 एवं 12 की छात्र हो इसलिए आपको क्या बनना है, इसके क्या करना है और कैसे करना है ? यह सभी चीजे साफ होनी चाहिए। क्या बनना है यह निर्णय लेते समय हमें अपनी क्षमता और शक्ति भी देखनी है। छात्राओं को विधिक जागरूकता के बारे में बताते हुए न्या. पवन कुमार पटेल ने कहा कि हमें अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श का फर्क समझ आना चाहिए। हमें लगता है कि हमारे कोई जादती हो रही है या हमें कोई बुरी नियत से छू रहा है तो हमें कानून का सहारा लेना चाहिए। इस समारोह में शाला सचिव गोविंद अग्रवाल, प्राचार्य विनोद गडेकर, शालेय शिक्षक एवं

## सौंसर नपा ने पाया स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 रैंकिंग में 4 स्थान

**सौंसर**। निकाय स्वच्छता में प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहा हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में भी सौसर नगर निकाय ने स्वच्छता में चौका लगाते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया है।स्वच्छता को जनसंख्या के मान से अलग अलग श्रेणी में जोनों में बांटा गया था।सौसर निकाय पश्चिमी जोन में पिछले वर्ष से फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 1 लाख जनसंख्या से कम की श्रेणी में स्टेट लेवल में 69 निकयो में से 4थी रैंक प्राप्त कर सभी सौसर के नागरिकों का गौरव बढ़ाया हैं। इसी के साथ जोनल रैंकिंग में भी 319 निकयो में से 5वी रैंक प्राप्त की हैं। जो पिछले वर्ष 2022 में आठवीं रैंक थी। निकाय को ओडीएफ प्लस सर्टिफिकेट व स्टार रेटिंग 1 सर्टिफिकेट प्राप्त हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 9500 में से 7210.52 अंक प्राप्त कर नेशनल लेवल में 3970 निकायों में से 17 वी रैंक प्राप्त की हैं जो सराहनीय कार्य हैं। नपा अध्यक्षा श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा, सीएमओ मौसम पालेवार, नपा उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे व स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर संदीप भाऊ मोहोड़ के नेतृत्व में स्वच्छता टीम नोडल अनिल दत्त शर्मा,सचिन बोबड़े, स्वच्छता प्रभारी संजय हेढ़ाऊ, जनप्रतिनिधिगण व सभी सफाई कर्मचारियों ने उच्च स्तरीय प्रदर्शन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री पालेवाल ने बताया नगर पालिका द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए कई प्रयास किए गए है।जैसे डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, घरो से गीला, सूखा, सेनेटरी एवं घरेलू हानिकारक कचरा को अलग अलग कर प्रसंस्करण केंद्र में पहुंचाने की सुविधा,गीले कचरे से जैविक खाद बनाने की सुविधा, सुखी कचरे का मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी में प्रसंस्करण, फिजिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की सुविधा जहां सेफ्टी टैंक से निकलने वाले स्लज को उपचारित किया जाता है। निर्माण एवं विधवंस अपशिष्ट हेतु सी एण्ड डी कलेक्शन सेंटर की सुविधा निकाय द्वारा उपलब्ध करायी गईं हैं।नपा प्रशासन की ओर से सभी नगर वासियों का आभार व्यक्त किया।

# मोरडोंगरी राशन दुकान से गेहूं चावल के 50 कट्टे नदारद, नोटिस जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

विकासखंड के ग्राम मोरडोंगरी की सेवा सहकारी समिति में नियमित राशन नहीं मिलने की शिकायतें अनेक दिनों से ग्रामीणजन कर रहे थे। इस पर कल यहां के एसडीएम सिद्धार्थ पटेल एवं तहसीलदार ने सोसायटी में आकस्मिक निरीक्षण कर अनाज का भौतिक सत्यापन किया। जिसमें वास्तविक स्टॉक में गेहूं एवं चावल का बडी मात्रा में कम होना पाया गया। इस निरीक्षण में समिति के भंडारगृह के रिकार्ड एवं वास्तविक स्टॉक में भारी हेराफेरी पायी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोरडोंगरी सहकारी सोसायटी के भंडार से 30 गेहूं के और 20 चावल के कट्टे नदारद पाए गए। इस पर आज आज एसडीएम कार्यालय की ओर से समिति प्रबंधक पुंजाराम पराडकर तथा विक्रेता खुशाल गाडरे को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

## नप पिपला में नहीं आते नियमित कर्मचारी, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**पीपला नारायण वार**। गुरुवार को नगर पंचायत उपाध्यक्ष के द्वारा नप अधिकारियों की नियमित कार्यालय में उपस्थित नहीं होने, निर्माण कार्यों की जांच नपा उपाध्यक्ष चैंबर आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए व्यवस्था बनाने की मांग की है।कलेक्टर के नाम सोपे ज्ञापन में नगर पंचायत पिपला ना वार उपाध्यक्ष आरती प्रवीण लांमसे ने बताया की नगर पंचायत सीएमओ नियमित कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं।जिसके चलते नप के कार्य के लिए नगर वासियों को परेशान होना पड़ता है। वही नगर पंचायत में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी भी समय पर कार्यालय में नहीं पहुंचते हैं। वर्तमान में नगर मेंकई स्थानों पर निर्माण कार्य परिषद के द्वारा किए जा रहे है। निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं देखने को मिल रही है। निर्माण कार्य की अनियमित होने के कारण जांच नहीं की जा रही है। वही नगर परिषद के द्वारा नगर विकास के कई कामों को स्वीकृति दी गई है। उन कामों को अभी तक शुरू नहीं किया गया। पिपला नप उपाध्यक्ष श्रीमती लामसे ने बताया की मैं एक महिला होने के नाते मेरी मांग है।कि मुझे अलग से एक चैंबर मिलना चाहिए।पूर्व में कई बार नपा प्रशासन एवं अधिकारियों से मांग करने के बावजूद भी मुझे अलग से चैंबर नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते मुझे वार्डो से आने वाली समस्याओं एवं नगर की समस्याओं के निराकरण करने के लिए परेशानी हो रही है।

### इंगले बने म.प्र. तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष

**पांढुर्ना**। गत दिवस म.प्र. तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अतुल मिश्रा की अनुशंसा एवं कार्यकारी अध्यक्ष एस. एस. रजक की सहमति से इस संस्था के पांढुर्ना जिला इकाई अध्यक्ष के रुप में चंद्रशेखर इंगले सहा. शिक्षक मा.शा. खैरीपैका को मनोनीत किया है। जिला इकाई अध्यक्ष बनने पर चंद्रशेखर इंगले को मुकेश खरे, शेषराव रेवतकर, राम गोपाल भोयर, ओंकार साहू, लहू सरोदे, योगिराज वानोडे, शंकर मसराम, दिनेश क्षिरसागर, सुभाष कडू, प्रकाश खवसकर, अनिल सहारे, धनराज कवडेती, मोरेशवर ब्रम्हे, संजय डाबरे, सुनील यावले, पवन गुडधे, कोहले सर, जनार्दन खवसे, प्रवीन शिवहरे, मधुकर चौधरी, ज्ञानेश्वर जिचकार, आनंद ढोके, वसंता तुमडाम एवं अनेक शामिल है।

# वन विभाग का बोरपानी में हुआ अनुभूति कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

वन परिक्षेत्र अम्बाडा अंतर्गत बोरपानी टपकानाला में गुरुवार को मध्यप्रदेश ईको पर्यटन बोर्ड एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन एल. के. वासनिक वनमंडलाधिकारी के मार्गदर्शन में प्रमोद चोपड़े उप वनमंडलाधिकारी सौंसर के निर्देशन में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पांढुर्णा विधायक निलेश उइके, श्रीमति लता तुमडाम, जनपद अध्यक्ष पांदुर्णा, श्रीमति सकुनतला उइके जनपद सदस्य पांदुर्णा, राजेश वरठी, सरपंच कुण्डाली,राजेश इवनाती,आदि थे।आयोजन में शासकीय स्कूल बोरपानी, छावडी, कुण्डाली एवं डुकरझेला के विद्यालयों के लगभग 120 बच्चों ने भाग लिया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रातः नेचर ट्रेल विचरण एवं वन भ्रमण किया, जिसमें बच्चों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण, पारिस्थतिकी, पर्यावरण एवं ईको पर्यटन की समझ विकसित करने का प्रयास किया गया। बच्चों को जंगल के अंदर ट्रेकिंग, पक्षी दर्शन, वन्यप्राणियों, पेड़-पौधों की पहचान एवं महत्व को मास्टर ट्रेनर जे. पी. शिवहरे सेवानिवृत्त अपर वनमंडलाधिकारी द्वारा बताया गया।क्विज प्रतियोगिता, अनुभूति कार्यक्रम से संबंधित तात्कालिक पत्र लेखन प्रश्नमंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।अनुभूति कार्यक्रम में उपवनमंडल अधिकारी सौंसर, प्रमोद चोपड़े, वन परिक्षेत्र अधिकारी अंबाड़ा शिवकुमार गुर्जर, परिक्षेत्र अधिकारी पांढुर्णा, प्रभुराम मुछाला,अरूण बोडखेपुरुषोत्तम बोबडे,दिनेश बोडखें आदि थे।

शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत ऐतिहासिक स्थलों व तथ्यों की हासिल की जानकारी

# विद्यार्थियों ने मंडला के प्राचीन स्थलों का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



संस्कार भारती संस्था के संस्थापक पद्म श्री स्वर्गीय बाबा योगेंद्र के जन्म दिवस पर संस्कार भारती के विभाग संयोजक पंचम हनवत, जिला मंत्री योगेश कटारे एवम् मनीराम बिसेन के मार्गदर्शन में लगभग 125 विद्यार्थियों ने गोंडवाना राजवंश की रानी वीरांगना दुर्गावती के गढ़ मंडला के ऐतिहासिक, धार्मिक एवम् पुरातात्विक महत्व के प्रसिद्ध स्थलों के साथ ही पुण्य सलिला मां नर्मदा बंजर के संगम स्थल, सहस्त्रधारा स्थल एवम् सूरज कुंड का प्रत्यक्ष अवलोकन एवम् दर्शन किया।

### रामनगर किले का भ्रमण कर ऐतिहासिक महल व मंदिरों को देखा

गोंड राजा नरेंद्र शाह द्वारा 1691 से 1731 के मध्य निर्मित मंडला किला, जिसे रामनगर किला के नाम से जाना जाता है, के इतिहास को जाना एवम् वास्तु कला को पहचाना। शाहबुर्ज, सतखंडा महल, राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह के जन्मस्थल, राज राजेश्वरी मंदिर, पंचमुखी महादेव मंदिर, गोंडी संग्रहालय आदि अनेकों स्थलों के अद्भुत दृश्य देखकर सभी आश्चर्यचकित हुए।

### एएसपी अमित वर्मा ने परीक्षाओं को लेकर दिया सफलता का महामंत्र

शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 5 विद्यालयों एवम् कोचिंग संस्थान के 125 बच्चों ने केरियर गाइडेंस एवम् कौशल विकास के अंतर्गत वारासिवनी निवासी व मंडला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ अमित वर्मा के मुख्य आतिथ्य में प्रतियोगी परीक्षा में सफलता का महामंत्र भी सीखा।

### इन्होंने किया मार्गदर्शन व सहयोग

मंडला की अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अहीर मैडम एवम् नगर निरीक्षक श्री खान ने भी संस्कार भारती के कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों को मार्गदर्शन दिया। हिंदी साहित्य भारती संस्था मंडला की सुनीता सोनी, संस्कार भारती मंडला की प्रमुख अर्चना जैन, दिवाकर दत्त पांडे, प्राध्यापक रश्मि वाजपेयी, रश्मि मिश्रा, प्रीति दुबे, वारासिवनी संस्कार भारती की महिला मंत्री सुनीता हनवत, राखी कटारे, कुमुदिनी पंवार, मंजू पटले, अनीता राहंगडाले, रीना बिसेन, सी एम राइस स्कूल की एस ऊइके, एन सी सी अधिकारी शलभ बैस, श्रीमती शुक्ला, श्रीमती पंद्रे शिक्षक, मार्गदर्शक ओम बारेवार, पत्रकार एवम अधिवक्ता गणेश सिंह ठाकुर, पंचम हनवत, मनीराम बिसेन एवम् योगेश कटारे आदि के सहयोग ने संस्था के शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम को सफल बनाया।

खरपड़िया नाले के पास अनियंत्रित हुई कार

# बाल- बाल बचे कार में सवार सभी लोग



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तिरोड़ी से खवासा की तरफ जाने वाले सड़क मार्ग पर खरपड़िया नाले के पास एक बार फिर से कार अनियंत्रित होकर नाले के पिल्लर से टकराकर पलट गई. गनीमत की बात यह रही कि हादसे में कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए. हादसा गुरुवार को हुआ है. जानकारी के अनुसार कार क्रमांक सीजी 08 एआई 8910 खवासा की तरफ से तिरोड़ी की तरफ आ रही थी इस दौरान खरपड़िया नाले के पास कारण अचानक से अनियंत्रित होकर पिल्लर से टकरा गई और फिर नीचे जाकर पलट गई. कार में प्रदीप जैन निवासी खैरागढ़ के अलावा अन्य लोगों सवार होने की जानकारी सामने आई है. हादसे में मामूली चोटों के अलावा कोई जनहानि नहीं हुई. बता दें कि मंगलवार की देर शाम भी खरपड़िया नाले में एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई थी. स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों की माने तो खरपड़िया नाला हादसों का ब्लैक स्पॉट बना चुका है। गौरतलब हो कि बीते दिनों ही कटंगी विकास मंच के पदाधिकारियों ने खरपड़िया नाले के पास लगातार होने वाले सड़क हादसों को ध्यान में रखते हुए पुल के दोनों तरफ सावधानी सूचना बोर्ड लगाए थे ताकि यहां होने वाले सड़क हादसों पर राहगीरों का ध्यान केन्द्रित करते हुए इन पर किसी तरह से अंकुश लगाया जा सकें और इस सकारात्मक पहल का असर देखने में भी आया परंतु जो राहगीर इस सड़क पर पहली दफा तेज रफ्तार से चल रहा है वह इस सूचना की अनदेखी कर रही है या फिर सड़क पर चलने के कारण सड़क से दूर पेड़ों पर सूचना चस्पी होने के कारण उनका ध्यान सूचना तक नहीं जा पा रहा है ऐसे में कई लोग सड़क हादसों का शिकार हो रहे है. खरपड़िया नाले में बीते कुछ सालों में दर्जनों सड़क हादसे हो चुके है इन हादसे में कई परिवार के घरों के चिराग बुझ गए जबकि कई लोग आजीवन के लिए विकलांग बन गए. मगर, इन घटनाओं के बाद एमपीआरडीसी ने कोई सबक नहीं लिया. सड़क हादसों को रोकने के लिए जो कारगार उपाय किए जा सकते थे. वहीं अब तक तो नहीं किए गए है. दरअसल, खरपड़िया नाले में होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए यहां कुछ दूरी पर दोनों तरह स्पीड ब्रेकर और पुल के पिल्लरों में रेडियम लगाने की आवश्कता है क्योंकि पुल में रेंलिग नहीं है और कई बार इस वजह से भी वाहन पुल के नीचे पलटकर गिर रहे है. बहरहाल, स्थानीय रहवासियों सहित तिरोड़ी और खरपड़ियां की जागरूकता जनता ने विभाग के अधिकारियों को ध्यानाकर्षण कराते हुए तत्काल स्पीड ब्रेकर और रेडियम लगाने की मांग की है।

## पालीताणा से लौटे तीर्थ यात्री जैन समाज ने वरघोड़ा

**कटंगी**। गुजरात के भावनगर जिले में स्थित प्रसिद्ध जैन तीर्थ पालीताणा के शत्रुंजय पर्वत पर नव्वाणु यात्रा कर वापस अपने घर सकुशल कटंगी लौटे धर्मावलंबियों का सम्मान करने के लिए गुरूवार को जैन समाज ने वरघोड़ा (शोभायात्रा) निकाला. स्थानीय श्वेतांबर सुपार्श्वनाथ जैन मंदिर से यात्रा की शुरुआत हुई थी. जिसमें पूरे शहर का भ्रमण कर यथास्थान पर विराम लिया. कटंगी से सेजल चौरड़िया, सिद्धीका बोथरा, निलेश संचेती, दीपक भड़गतिया, महावीर करनावट, हर्षिल भड़गतिया, पुनित भड़गतिया, शुभम संचेती, मंयक भड़गतिया और भव्य बोथरा ने 41 दिनों में अपनी यात्रा पूरी की थी. यह सभी 08 जनवरी की शाम अपने घर पहुंचे वहीं आज इन सभी के सम्मान में वरघोड़ा निकाला गया. आचार्य खरतरगच्छ भगवंत जिन पीयूष सागर सुरिश्वर म.सा. और 100 से अधिक साधु-साध्वियों के सानिध्य में इस वर्ष की यह नव्वाणु यात्रा संपन्न करवाई गई थी. जैन धर्म के अनुसार इस यात्रा को करने से मोक्ष प्राप्त होता है. जैन धर्म के पहले तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ने पहली बार यह यात्रा प्रारंभ की थी।

## कोचिंग सेंटर भानेगांव द्वारा बच्चे और वरिष्टो की स्वास्थ एवं नेत्र जांच शिविर

**हरिभूमि न्यूज लांजी**। पी 1 एजुकेटर्स अकादमी कोचिंग सेंटर पारडी रोड भानेगांव एवं महावीर इंटरनेशनल , जिला बालाघाट मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन पी 1 कोचिंग सेंटर के संचालक श्री प्रमोद नखाते एवं श्रीमती रीति नखाते जी के सहयोग से जनहित में सेवा कार्य कर स्वास्थ शिविर आयोजित किया गया। शिक्षा जगत में क्षेत्र में अलख जगा कर सेवा कर रहे पी 1 कोचिंग सेंटर विशेष पहल पर बच्चों और वरिष्टों की स्वास्थ एवं नेत्र जांच शिविर एवं महावीर इंटरनेशनल का उद्देश्य सबकी सेवा ,सबको प्यार, जियो और जीने दो के सिद्धांत पर मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए निस्वार्थ मानव सेवा में सतत प्रयासरत है। दिनांक 9/12/ 2023 मंगलवार को पी 1कोचिंग सेंटर पारडी रोड भानेगांव द्वारा संचालित शिविर श्री कमलेश ठेकवार जी श्री डॉ देवेंद्र बड़ाई जी , प्रमोद नखाते, रीति नखाते, इंद्रकुमार राजा भूते, रोशन नखाते,एवं अध्ययनरत छात्र छात्रा के पालक, स्थानीय ग्राम वासियों के सहयोग से स्वास्थ शिविर आयोजन किया गया। महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 के डिप्टी डायरेक्टर एवम चेयरमैन लांजी श्री विशाल राउत खोंगल जी ने बताया निर्धारीत तिथि और समय में प्रातः 11:00 से 4:00 तक भानेगांव में शिविर आयोजित हुआ जिसमे 300 लोगो का पंजीयन हुआ एवं 45 मरीज मोतियाबिंद के चयनित किए गए साथ ही सभी मरीजों को संस्था की सभी सुविधा के साथ मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए प्रस्थान किया गया सभी जन भावना के अनुरूप निशुल्क नेत्र जांच शिविर जारी रहा, साथ ही उपस्थित छात्र छात्राओं के आंखो की जांच भी की गई जिनको पढ़ाई करते समय आंखे की समस्या सर में दर्द, आंखो से पानी गिरना, अनेक समस्या से अवगत कराया गया और चश्मा का नंबर की जांच भी की गई ।

# राज्य स्तरीय इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए हुआ किन्ही विद्यालय के धनंजय का चयन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



बालाघाट मुख्यालय में ज़िला क्लस्टर इंस्पायर अवार्ड विज्ञान प्रदर्शनी का दो दिवसीय आयोजन किया गया, जिसमे बालाघाट, सिवनी और मंडला ज़िले के लगभग 86 छात्र-छात्राओ और उनके मार्गदर्शी शिक्षकों ने अपने मॉडल और प्रोटोटाइप के साथ हिस्सा लिया, 10 और 11 जनवरी को आयोजित इस प्रदर्शनी से 9 मॉडल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए, जिसमे किरनापुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्रामीण अंचल के शा. उ. मा. विद्यालय, किन्ही के छात्र धनंजय ठाकरे पिता कोदुराम ठाकरे के मॉडल का चयन राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए किया गया हैं, प्रतिवर्ष होने वाले इस प्रदर्शनी के लिए भारत सरकार के नव प्रवर्तन, विज्ञान तकनीक एवं सूचना विभाग के द्वारा पहले मॉडल का चयन करके दस हज़ार की प्रोत्साहन राशि दी जाती हैं जिसका उपयोग करके छात्र मॉडल बनाकर ज़िला स्तर पर प्रदर्शित करते हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन इसी माह भोपाल में होगा जिसमें बालाघाट से 3 छात्र अपने मार्गदर्शी शिक्षको के साथ हिस्सा लेंगे। ज्ञात हो कि ग्रामीण अंचल का ये विद्यालय इसी वर्ष मध्यप्रदेश टूरिज्म क्विज़ में राज्य स्तर पर बालाघाट ज़िले का प्रतिनिधित्व कर चुका हैं। धनंजय की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य ए. एल. कोरे, मार्गदर्शी शिक्षक डॉ मोहनिश पिछोड़े, हरीश बोरकर, मानसिंह जतपेले, अनिता टेंभरे, समस्त स्टॉफ, अभिभावक और समस्त ग्रामीणजनों ने शुभकामनाएं दी हैं और छात्र के उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में 2600 की स्वास्थ्य जांच

**बालाघाट**। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हर दिन कई आम नागरिक व विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिले की 10 जनपदों में 20 स्थानों पर यात्रा पहुंची। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गए स्वास्थ्य शिविर में 16 पंचायतों में 2600 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके अलावा 654 ने टीबी और 557 नागरिकों की सीकल सेल की जांच की गई। साथ ही भारत शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभ प्राप्त कर चुके 223 हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी मेरी कहानी मेरी जुबानी में ग्रामीणों के समक्ष मंच से सुनाई।यात्रा गुरुवार को बैहर जनपद के ग्राम सिजोरा, परसवाड़ा के ग्राम छपरवाही व मोहनपुर, लांजी के ग्राम देवलगांव व दहेगांव, कटंगी के ग्राम सुंदर व मोहगांव, बालाघाट के ग्राम टेकाडी व धनसुआ, वारासिवनी के ग्राम डोके व भांडी, किरनापुर के ग्राम पीपलगांवकलॉ व कोसमारा, खैरलांजी के ग्राम पांजरा व गाजपुर, बिरसा के ग्राम रघोली व मछुरदा और लालबर्रा जनपद के ग्राम बल्हारपुर व बहियाटिकुर पहुंची।

## शा. उत्कृष्ट उमावि लॉंजी में इंस्पायर अवार्ड योजना अंतर्गत प्रदर्शनी का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज लांजी**। केन्द्र सरकार के योजनांतर्गत कक्षा 6 वीं से 10 वीं में पढने वाले विद्यार्थियों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति दिलचस्पी बढाने और उन्हे इस योजना से जोडने के लिए इंस्पायर अवार्ड मानक योजना संचालित कि जाती है। इस योजना में चयनित सभी छात्रों के बैंक खातों में 10-10 हजार रूपए जमा कराए जाते है। इंस्पायर अवार्ड मानक विद्यार्थियों के नवाचारी प्रोत्साहन के लिए एक अभिनव



योजना है। इसमें पुरस्कार के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित प्रतिभागियों के मॉडल को आईआईटी व एनटीए जैसे संस्थानों के तकनीकी सहयोग और मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रदर्षित किया जाता है। यह कार्यक्रम स्कूलों के सृजनात्मक सोच वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को मंच प्रदान करता हैइस तारतम्य में वर्ष 2022-23 में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लॉंजी से गत वर्ष अंग्रेजी माध्यम की कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्रा कु0 षिरोमणी/षिवनारायण दहीकर एवं कु0 श्रद्वा/कुंदन मेश्राम का चयन इंस्पायर अवार्ड मानक योजनांतर्गत हुआ। इंस्पायर अवार्ड मानक में चयनित हुए समस्त छात्रों का प्रदर्षन जिला स्तर पर दिनॉंक 10 एवं 11 जनवरी 2024 को हुआ जिसमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लॉंजी से चयनित छात्राओं ने भी अपना प्रदर्षन बखुबी किया।

# करेंट लगाकर बाघ का शिकार करने वाले को वन विभाग ने पकड़ा

**खूंटियां, 4-5 मीटर लंबे बांस एवं 01 नग कुल्हाड़ी, 01 वसूला एवं 01 नग काती जप्त**

**म.प्र राज्य वन विकास निगम, बरघाट परियोजना मंडल सिवनी, के परियोजना परिक्षेत्र पांडिया छपारा के अंतर्गत दिनांक 10.01.2024 बुधवार को वन क्षेत्र में किसी वन्य प्राणी के मृत होने की सूचना मुखबिर से प्राप्त हुई।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



प्राप्त सूचना के आधार पर परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी पांडिया छपारा, परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी बेहरई, परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी केवलारी द्वारा संभागीय प्रबंधक के मार्गदर्शन में तीन आरोपी खिलेन्द्र कुमार तेकाम आत्मज किशनलाल तेकाम, जाति गौंड, उम्र 35 वर्ष निवासी बाकल, अनिल कुमार बट्टी आत्मज सावनलाल बट्टी जाति गौंड, उम्र 32 वर्ष निवासी बाकल एवं 3. भुवनलाल बट्टी आत्मज सोमजी जाति गौंड, उम्र 45 वर्ष निवासी बाकल को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही के आधार पर वनक्षेत्र से वन्य प्राणी के अवशेषों की जप्ती की कार्यवाही की गई। पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा करेंट लगाकर बाघ का शिकार किये जाने का आरोप स्वीकार किया गया।

आरोपियों की निशानदेही पर वनक्षेत्र से लगे राजस्व क्षेत्र से करेंट के तार, खूंटियां, 4-5 मीटर लंबे बांस एवं 01 नग कुल्हाड़ी, 01 वसूला एवं 01 नग काती जप्त किया गया। तीनों आरोपियों के विरूद्ध वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 371/45 दिनांक 10.01.2024 दर्ज कर ज्यूडिशियल रिमांड में न्यायालय के सुर्पूद कर दिया गया। उक्त कार्यवाही में संभागीय प्रबंधक भारती ठाकरे के मार्गदर्शन में उपसंभागीय प्रबंधक अनिल क्षत्रिय, परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी पांडिया छपारा एच.एल.दाहिया, परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी बेहरई श्री दिनेश झारिया, परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी केवलारी संतोष कुमार बनवाले, वनपाल बी.आर. सिरसाम, बी.एल.आर्मो, पी.एल. मसराम, वनरक्षक विनियेन्द्र मर्सकोले, गणेश मानेश्वर श्रीमति निधि धुर्वे, श्रीमति स्वाति अग्रवाल स्थायी कर्मी एवं सुरक्षा श्रमिक के सहायोग से सफलतापूर्वक की गई। दिनांक 11.01.2024 को स्क्वार्ड डाग की सहायता से तलाशी करने पर पूर्व में प्राप्त अवशेष के समीप ही अन्य स्थल पे खुदाई करने पर अवशेष प्राप्त हुए साथ ही एस.टी.एस.एफ जबलपुर में अधिकारी कर्मचारी भी कार्यवाही के दौरान उपस्थित रहकर सहायोग किये।

# एल्यूमिनियम तार चोर गिरोह को बरघाट पुलिस ने पहुंचाया जेल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बरघाट पुलिस द्वारा चालू बिजली के खम्बो से एल्यूमिनियम तार चोरी करने वाले गिरोह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। दिनांक 15/12/23 को प्राथी नरेन्द्र कुमार ठाकरे उम्र 55 साल निवासी वरघाट में रिपोर्ट लेख कराया कि ग्राम कौडिया से बेहरई तरफ जाने वाली 11 के.व्ही. विधुत लाईन के 8 खंभे के एल्युमिनियम तार किसी अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर ले गया है जिससे 50 हजार रूपये की नुकसानी हो जाने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराया था। जिसकी रिपोर्ट पर थाना बरघाट में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 666/2023 धारा 379 भादवि. का पंजीयद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान धारा 120 वी, 411 तादि तथा म.प्र. विद्युत अधिनियम की धारा 135 का इजाफा किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक सिवनी राकेश कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा के द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। । अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमान ललित गठरे के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी के.एस. नेकाम थाना बरघाट के द्वारा थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा मूखविर लगाये गये।

मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य की मदद से तार चुराने वाले आरोपी चोरभोलाराम उके उम्र 60 साल नि.ग्राम भाडीवाडा , मनोज सैय्याम उम्र 30 साल नि.ग्राम नंदौरा, अजय धुर्वे उम्र 58 साल नि. द्वारका नगर थाना कोतवाली सिवनी तथा मौके पर ही चोरी की तार खरीदने वाले आरोपी 04. नईम अंशारी उम्र 35 वर्ष निवासी पलारी थाना केवलारी को पकड़ा गया तथा आरोपी नईम अंसारी के कब्जे से 05 बडे बोरियो में चोरी गई बिजली का एल्युमिनियम तार तथा घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन छोटा हाथी व तार काटने के औजार जप्त किया जाकर उक्त आरोपीगणो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा अन्य थानो को तार चोरी सबंधी रिपोर्ट हेतु आर.एम. किया गया है। नाम पता आरोपी गोलाराम पिता गोईन्द राम उके उम्र 60 साल नि.ग्राम भाटीवाडा थाना डूंडासिवनी, मनोज सैय्याम पिता मंशाराम शैय्याम उम्र 30 साल नि.ग्राम नंदौरा थाना लखनवाडा, अजय धुर्वे पिता स्व. बलराम धुर्वे उम्र 58 साल नि. द्वारकानगर थाना कोतवाली सिवनी, नईम अंशारी पिता मो. हुसैन अंसारी उम्र 35 वर्ष निवासी पलारी थाना केवलारी बरामदशुद्दा मसरूकाः- 01. चोरी की गई बिजली की एल्युमिनियम तार बजनी 129 किलो कीमती 50,000/-, पटना में प्रयुक्तत पिकअप वाहन कीमती करीबन 05 लाख रूपये, तीन नग मोबाईल फोन कीमती करीबन 15,000/- रूपये (जुमला बरामद मसरूका 5,65,000/-)।



पुलिस द्वारा जप्त किया वाहन व चोरी का तार

सराहनीय कार्य थाना प्रभारी निरीक्षक के.एस.तेकाम, उनि. सतीश उइके, उप निरी. सत्येन्द्र उपाध्याय, सउनि. देवेन्द्र जयसवाल, आर. अजय बघेल, आर. विनय चौरिया (सायबर सेल सिवनी), कार्य. प्र.आर. 147 बालचंद घोरमारे, कार्य. प्र.आर. 317 रंजीत पटले, आर. 389 अजय इवनाती, आर.249 राजेन्द्र कटरे, आर. 139 तरूण टेम्भरे, आर. 370 उपेन्द्र, आर. 575 नेपेन्द्र चौधरी का विशेष योगदान रहा।

# डॉ ढालसिंह बिसेन के प्रयासों से घंसौर व केवलारी तक एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज की तिथि हुई घोषित



**हरिभूमि न्यूज केवलारी-** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रधान परिचालन कार्यालय बिलासपुर द्वारा जारी पत्र क्रमांक **OPTG/SECR/CHG/ Stoppage** /108/24 दिनांक 10/1/2024 के अनुसार रीवा इतवारी एक्सप्रेस का घंसौर एवं शहडोल नागपुर एक्सप्रेस का केवलारी- मे स्टापेज आदेश जारी कर दिया गया । दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे ने रीवा इतवारी 11755 / 11756 का घंसौर एवं शहडोल नागपुर 11201/11202 का केवलारी में स्टॉपेज की तिथि 13 जनवरी 2024 घोषित कर दी है। स्मर्णीय हो नगर के पत्रकारों ने सिवनी बालाघाट संसदीय क्षेत्र के संसद डा ढालसिंह विसेन से बार-बार आग्रह किया था कि एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज दिलाया जाए क्षेत्र की मांग और जनता की सुविधाओं को देखते हुए डॉक्टर ढालसिंह बिसेन ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव जी भारत सरकार से मिलकर के आग्रह किया था कि सिवनी जिले के तहसील मुख्यालयों मे चल रही एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव किया जाये, जिसकी स्वीकृति पिछले माह ही प्राप्त हो चुकी थी लेकिन स्टॉपेज की तिथि घोषित नहीं हुई थी जिसे आज रेल परिचालन विभाग ने विधिवत जारी कर दिया है ।रेलवे द्वारा जारी पत्र के अनुसार दिनांक 13 जनवरी 2024 दिन शनिवार से घंसौर में रीवा इतवारी एवं केवलारी में शहडोल नागपुर ट्रेन का ठहराव चालू हो जाएगा। ट्रेन संख्या 11202 शहडोल नागपुर 12:05 में केवलारी पहुंच कर 2 मिनट का ठहराव लेकर के 12:07 में सिवनी की ओर प्रस्थान करेगी, इसी तरह नागपुर शहडोल 11201 केवलारी मे 13:16 में केवलारी पहुंच कर 2 मिनट का ठहराव लेकर के 13:18 में नैनपुर की ओर प्रस्थान करेगी । इसी तरह रीवा इतवारी गाड़ी संख्या 11755 रात 12:15 घंसौर पहूंकर दो मिनट का ठहराव लेकर 12:17 मे जबलपुर की ओर प्रस्थान करेगी ।गाड़ी संख्या 11756 रात 23:36 मे घंसौर पहूंकर 2 मिनिट का ठहराव लेकर 23:40 को नैनपुर के लिए प्रस्थान करेगी ।

## आरक्षक पंकज की सड़क दुर्घटना में मौत

सिवनी। जिले के बरघाट निवासी जो छिंदवाड़ा जिले के सांवरी चौकी में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरक्षक पंकज पिता ईश्वरी भलावी उम्र 32 साल हाल तैनाती सांवरी चौकी में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे। जघन्य हत्या के एक मामले में फरार आरोपी को पकड़ने टीम के साथ लावाघोघरी थाना अंतर्गत किसी गांव में दबिश देने गए हुए थे। इस दबिश में तीन वाहन शामिल थे। आरोपी को गिरफ्तार कर दो वाहन पहले लौट चुके थे। तीसरा वाहन जिसमें आरक्षक स्वयं और इनका एक साथी बैठा हुआ था। जैसे ही रात 11.30 बजे सांवरी चौकी में अंदर प्रवेश कर रहे थे। इसी दौरान बैतूल तरफ से आ रही बुलोरो ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूपए से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां आरक्षक को मृत घोषित कर दिया। वही एक अन्य घायल को नागपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# लखनादौन अस्पताल में प्रसूता की मौत, लापरवाही के आरोप, स्वजनों ने जमकर किया हंगामा

**जिले के लखनादौन विकास खंड के अंतर्गत आनेवाले ग्राम जोबा निवासी की गर्भवती महिला विनीता पति रानू राजपूत उम्र 23 वर्ष को प्रसव के लिए सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे थे, इसके बाद दिन बुधवार को महिला की डिलेवरी की गई। जिसमें महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। फिर महिला को वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया, यहां लगातार महिला के शरीर से रक्त स्राव होने के कारण महिला की शाम करीब 5.30 बजे मौत हो गई। इसके बाद स्वजनों ने जमकर हंगामा किया।**



हरिभूमि न्यूज लखनादौन।

स्वजनों का कहना था कि लगातार रक्त स्राव होने के कारण महिला को अच्छे अस्पताल में उपचार कराने की बात डाक्टर से की गई लेकिन डाक्टर बीथी जैन ने महिला को कही भी नहीं ले जाने दिया गया।साथ ही लापरवाही बरती, इसके कारण महिला की मौत हो गई। मौत होने के बाद मृतका के स्वजनों ने डिलेवरी करने वाली डाक्टर बीथी जैन पर डिलेवरी के पहले रुपये ले लिए इसके बाद उपचार में लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। हंगामें के दौरान अस्पताल में तोड़फोड इससे अस्पताल में लगे कांच टूट गए। घटना के बाद से स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### रुपये मांगने के लगाए आरोप

*घटना के बाद हंगामा कर रहे मृतका के स्वजनों ने डाक्टर बीथी जैन पर डिलेवरी के पहले रुपये मांगने के आरोप भी लगाए।साथ ही डाक्टर को रुपये देने की बात भी कही।स्वजनों का कहना था कि डाक्टर बीथी जैन ने डिलेवरी करने और उसके बाद उपचार करने में लापरवाही बरती है, जिसके कारण महिला विनीता की मौत हो गई है।जानकारी के अनुसार इस घटना के बाद स्वजनों ने एसडीएम को शिकायत सौंपकर डाक्टर पर कार्रवाई की मांग की है।*

### कमरे की ओर भागी डॉक्टर बीथी जैन

*जिसमें प्रसूता की मौत पर परिजनों द्वारा अस्पताल में हंगामा किया गया है। डॉक्टर ने खुद को बचने के लिए एक कमरे में बंद अपने आप को रख लिया था इसके बाद में पुलिस के आने पर वह अपने कमरे से बाहर आई थी। मामले में मृतक प्रसूता के परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं डॉक्टर ने सर्जरी की, इस दौरान महिला का काफी खून बह गया जिससे उसकी मौत हो गई।*

*मौत होने की खबर लगते ही प्रसूता के परिजनों द्वारा अस्पताल में हंगामा किया गया। साथ ही तोड़फोड़ भी कर दी गई। इसके बाद ही गुस्साए परिजनो से बचने के लिए डॉ वीथी जैन ने अपने आप को एक कमरे में बंद कर लिया था। डॉक्टर को कमरे में बंद करने के बाद अस्पताल स्टाफ द्वारा पुलिस को जानकारी दी गई, पुलिस ने मौके पर जाकर मामले को शांत कराया इसके बाद पुलिस ने डॉक्टर बीथी जैन को कमरे से बाहर निकाला। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।*

## मां बालाभवानी आश्रम में मेला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता हैं मां बालाभवानी एवं ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की असीम कृपा से तथा स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज एवं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के आशीर्वाद से विगत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सप्त दिवसीय भव्य मेले का आयोजन 14 जनवरी से 20 जनवरी 2024 तक मां बाला भवानी मंदिर गणेशगंज में किया जा रहा है । जिसमें आश्रम प्रमुख ब्रह्मचारी श्री राघवानन्द जी द्वारा बताया गया इस विशाल मेले में आने वाले सभी व्यापारी बंधुओं को दुकान लगाए जाने के लिए आश्रम द्वारा निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराई जायेगी।

## आयोजित हुई जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**नेहरू युवा केंद्र।सिवनी युवा कार्यक्रम खेल विभाग भारत सरकार के अंतर्गत पी एम श्री कन्या हायर सेकेंडरी माध्यमिक विद्यालय मठ मंदिर सिओवानी में दिनांक 10 जनवरी 2024 को जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता विकसित भारत2047 विषय पर युवाओं va महिला सहभागियों ने। भाग लिया जिसमे कु अल्फिया मोहम्मद इकबाल बोरदई ने।प्रथम स्थान प्राप्त किया कमेटी के द्वारा प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान के। युवाओं का चयन भी किया गया है इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसीपल सर कपिल शर्मा एवं स्टॉफ के अन्य कमेटी शिक्षक वीरेंद्र राजपूत राजा बाबू राय श्री भुवनलाल पगारे आदि एवं नेहरू युवा केंद्र के स्टॉफ से।विभा उइके रोहित सोनी आर के मिश्रा लेखापाल एवं प्रोग्राम सहायक आदि उपस्थित रहे।

# ब्रह्मा कुमारीज में युवा महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में एक बहुत ही प्रेरणादाई कार्यक्रम भैरोगंज ब्रह्माकुमारी शांति शिखर मे आयोजित किया गया है, सर्वप्रथम 12 जनवरी को 12:00 बजे बारापत्थर बाहुबली चौक से युवा वाहन रैली का शुभारंभ होगा और यह रैली गणेश चौक दुर्गा चौक छिंदवाड़ा चौक एवं दाल सागर से होते हुए भैरवगंज में स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान के शांति शिखर परिसर में इस रैली का समापन होगा इसके तुरंत बाद शांति शिखर के सद्भावना सभागार में युवा महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें जिले के समस्त युवाओं को आमंत्रित किया गया है भारत को विश्व गुरु बनाने में युवाओं की भूमिका विषय पर आयोजित कार्यक्रम में सभी युवाओं को प्रेरित किया जाएगा प्रेरणादाई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से एवं प्रैक्टिकल एक्टिविटी के द्वारा बताया जाएगा कि हमें छोटी-छोटी बातों पर ध्यान रखना होगा और अपने जीवन में पहले सुधार लाना होगा ताकि हम अपने जीवन को ऐसा प्रेरणादाई बना सके कि सारा संसार हमें फॉलो कर सके हमारे पद चोन पर चल सके हमारे कर्म और हमारा व्यवहार इतना श्रेष्ठ हो कि हमें देख सारा संसार हमारे जैसा करना चाहे हमारा जीवन आदर्श हो सारा संसार हमारे आदर्श को फॉलो करें तब जाकर हम अपने भारत को विश्व गुरु बन पाएंगे युवाओं को श्रेष्ठ कार्य के और अग्रसर होने के लिए समाज में जिन युवाओं ने ऐसे कार्य किए हैं जिससे हमारे जिले का नाम रोशन हुआ है उन युवाओं को सम्मानित भी किया जाएगा और साथ-साथ सभी युवा संगठनों को भी सम्मानित किया जाएगा और उन युवा युवतियों के अनुभव से भी सब लाभान्वित होंगे इस तरह बहुत ही प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है अतः ब्रह्माकुमारी संस्थान की प्रमुख ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी जी ने समस्त जिले के युवाओं से अपील की है की इस कार्यक्रम को अपना कार्यक्रम समझ कर अपने देश को उन्नत बनाने वाला कार्यक्रम अपने देश को विश्व गुरु बनाने वाला कार्यक्रम समझकर आपके अपने घर शांति शिखर में अवश्य पधारे और इस कार्यक्रम का लाभ ले ।

# साइनिंग स्टार सिवनी को पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंची प्रयागराज

**केवलारी /** एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी केवलारी के तत्वाधान में चल रही अंतर्राज्यीय लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे क्वार्टरफाइनल का मैच साइनिंग स्टार सिवनी और प्रयागराज के मध्य खेला गया। साइनिंग स्टार सिवनी की टीम टॉस जीतकर पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयागराज की सधी हुई गेंदबाजी के समक्ष 17.3 ओवर में महज 79 रन बनाकर आउट हो गई। जवाब में खेलने उतरी प्रयागराज की टीम ने देवांश पाठक के धैर्यपूर्वक 46 गेंदों में बनाए गए 44 रनों की मदद से 16.4 ओवर में ही 5 विकेट खोकर 84 रन बनाकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। अफजल अली को शानदार 3 विकेट अर्जित करने के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत केवलारी के जनपद अध्यक्ष रणजीत ठाकुर के मुख्य आतिथ्य एवं वीरेंद्र राजपूत,अरुण राजपूत, निकेश काकोडिया,राजेश बघेल,राम दयाल पंचेश्वर,राधेलाल चंदेल,दयाल साहू,शैलेंद्र ठाकुर,आशीष राजपूत,ब्रजेंद्र कटरे,रामनंदन बघेल,सदाराम मरकाम,सुनील चंदेल,राकेश शिववेदी,केशवती उईके,ममता बघेल,चंद्रिका,माया पांडे,दुर्गेश्वरी,पार्वती जघेला की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# डॉक्टर तरण विश्वास के ऊपर हुई कार्यवाही देता था मरीज को हाई डोज की दवा



**भीमगढ।** विकासखँड छपारा के ग्राम भीमगढ मे लगभग १८ वर्षो से एक झोलाछाप बँगाली तरण विश्वास के द्वारा अवैध बिना डिग्री के दवाखाना संचालित किया जा रहा था और जल्दी आराम के चक्कर मे हाईडोज दिया जाता था ग्रामीणो के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड किया जा रहा था जिस पर १८/५/२०२२ को बी एम ओ सहित सँयुक्त दल ने जाँच किया जिसमे ऐलोपेथिक दवाइयाँ व इँजेक्शन जब्त की गई थी लेकिन यह मामला जब्ती तक ही सीमित रह गया इस पर विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई और यह जानलेवा क्रम फिर से चालू हो गया तब किशोरसेन भीमगढ के द्वारा कलेक्टर महोदय सी एम एच ओ महोदय को शिकायत पत्र दिया जिसकी आज दिनाँक ९/१/२०२४ को बी एम ओ टी एस इनवाती तहसीलदार नितिन चौधरी भीमगढ चिकित्सा अधिकारी सुमन कुमरे ,बी पी एम सेन ! ए एस आई रविँद्रप्रताप सिँह पटवारी सहित सँयुक्त दल ने बडी कार्यवाही करते हुये अवैध दवाखाना शील कर दिया बताया गया कि होम्योपैथी दवाएँ मिली एवँ ऐलोपैथिक दवाई लिखने की पर्ची वहाँ मिली आस पास ऐलोपैथिक मेडिकल स्टोर भी है जिससे यह सिद्ध होता है कि ऐलोपैथिक इलाज भी होता होगा बी एम ओ इनवाती ने बताया कि इनके पास जो ये इलाज कर रहे थे दवाखाना सँचालित कर रहे थे कोई वैध दस्तावेज नही पाये गये होम्योपैथी दवाएँ व दस्तावेज जप्त कर जिला अधिकारी को भेज दिया जाएगा दो बार अवैध दवाखाना सँचालित करते पाये जाने पर भी क्या अबकी बार कोई कार्यवाही जाँच अमला करा पाएगा ऐसा शिकायत कर्ता के द्वारा कहा जा रहा है बरघाट नगर के पीयूष नाग का मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग सहायक यंत्री पद पर हुआ,

# सिवनी रेल विकास समिति ने मंडल रेल प्रबंधक को लिखा पत्र

**नागपुर-शहडोल रेल को अनूपपुर तक बढ़ाने की मांग**

**नागपुर-शहडोल ट्रेन को अनुपपुर तक बढ़ाये जाने की मांग को लेकर सिवनी रेल विकास समिति द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के मंडल प्रबंधक को पत्र लिखा है, जिसमें उक्त मांग सहित अन्य 3 मांगों का उल्लेख भी किया गया है।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी रेल विकास समिति के मीडिया प्रभारी विपिन शर्मा ने बताया कि मंडल प्रबंधक को लिखे पत्र में कहा गया है कि नागपुर से शहडोल वर्तमान में संचालित ट्रेन को अनुपपुर तक बढ़ाया जाये, जिससे यात्रीगण समीप स्थित मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक तक आसानी से पहुंचकर दर्शन कर सके। इस बिंदु में जल्द से जल्द विशेष ध्यान दिया जाये ताकि रेलवे का राजस्व भी बढ़े। इसके अलावा रेल विकास समिति के द्वारा पेंचवैली रेल को सिवनी से प्रारंभ करने, सेवाग्राम एक्सप्रेस जो नागपुर से मुंबई जाति है उसे सिवनी से प्रारंभ किया जाये एवं रायपुर के लिए छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, चित्रकूट एक्सप्रेस, दयोदय अजमेर एक्सप्रेस को सिवनी से प्रारंभ किया जाये।

# बरघाट विधानसभा मे थाने के नवीन सीमांकन के लिए हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज बरघाट।

थानों का नवीन सीमांकन होने के बाद ग्रामीणजन अपनी सुविधानुसार नजदीकी थानों से अपने ग्राम का नाम जुड़वा सकते है जिससे उन्हे दुर स्थित थानों में अपराधों सहित अन्य मामलों की शिकायत करने जाना नही पड़ेगा, जिसके अनुसार इस जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण शासन के नई लाईनलाईन के अनुसार अपनी सुविधा को देखते हुए थानों के नवीन सीमांकन के साथ ही अपने गांव का नाम जुड़वा सकते है जिससे उन्हे कानून व्यवस्था अच्छी मिल सकती है। जिसकी जानकारी देने के लिए 11 जनवरी को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय के कक्ष में जनप्रतिनिधि की बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक विधायक कमल मर्सकोले, एसडीएम महेश अग्रवाल, एसडीओपी ललित गठरे, तहसील डा. संजय वरैया, थाना प्रभारी कृपाल शाह टेकाम, सहित कुरई और अरी थाना प्रभारी के साथ जनप्रतिनिधियो में बरघाट नगरपरिषद अध्यक्ष इमरता साहू, जनपद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मीना बिसेन, जनपद पंचायत अध्यक्ष आभा राहंगडाले, पूर्व पार्षद ऋषभ जायसवाल, अनिल पाठक, पार्षद असंत उइके, हेमंत राहंगडाले, विवेक बिसेन, गौरव बिसेन, सहित अन्य जनपद सदस्य व पार्षद व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आयोजित बैठक में मध्य प्रदेश शासन के गृह मंत्रालय के द्वारा थानों के नये सीमांकन के संबंध में जो दिशा निर्देश दिये गये है उसके बारे में उपस्थितजनो को विस्तार से जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि शासन के निर्देश है कि थानों का सीमांकन किया जाये और इस सीमांकन की प्रक्रिया के तहत ग्रामीणजन अपनी नजदीकी थानों में अपने ग्राम का नाम जुड़वा सकते है क्योंकि थाना क्षेत्र बहुत बड़ा होता है और कुछ ग्राम दुर स्थित थानों की सीमा में आते है जिससे उन्हे थानों में किसी भी काम से वह जाना पड़ता है जिससे उन्हे समय भी अधिक लगता है इसलिए शासन के द्वारा अब थानों का नवीन सीमांकन किया जा रहा है ताकि ग्रामीणजन अपने सुविधानुसार जो थाना पास पड़ता है उसमें अपने ग्राम का नाम जुड़वा सके। जिस पर उपस्थित जनो ने कहा कि कुछ ग्राम ऐसे है कि तहसील कार्यालय बरघाट आता है परन्तु थाना क्षेत्र डूडा सिवनी के अंतर्गत आता है ऐसे में ग्रामीणजनों को तहसील व थाने में एक साथ काम आ जाने पर परेशानी होती है इसलिए शासन की यह नियम बहुत अच्छी है क्योंकि एक ही स्थानों पर सभी शासकीय कार्यालय स्थित रहना चाहिए जिससे ग्रामीणजनों के सभी काम एक साथ हो सकते है। इसी दौरान ग्राम पंडवानी को थाने उंगली से हटाकर बरघाट थाने मे, बम्होडी और साल्हे को डूंडासिवनी थाने से बरघाट थाने में, साल्हे गुर्रा बरघाट थाने से हटाकर अरी थाने मे , ग्राम को अंतरा को बरघाट थाने से हटाकर अरी थाने में, ग्राम विजयपानी और पखारा को कान्हीवाडा थाने से हटाकर बरघाट थाने में करने सहित कुरई क्षेत्र की मांग कुछ मांग प्राप्त हुई है।

## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा युवा दिवस, होगा सूर्य नमस्कार



**बालाघाट।** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को प्रति वर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके जन्मदिन 12 जनवरी के उपलक्ष्य में स्थानीय उत्कृष्ठ विद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने बताया कि सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक सूर्य नमस्कार का आयोजन रेडियो पर प्राप्त निर्देशानुसार सम्पादित होगा। यह आयोजन समस्त शिक्षण संस्थाओं सहित पंचायतों में भी होगा।

### विद्वान अधिवक्ता दीनेन्द्र सोनवाने का अकस्मात निधन अपूर्णीय छति : सत्यनारायण अग्रवाल



**बालाघाट।** जिले के विद्वान अधिवक्ता, जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक, मृदुभाषी, मिलनसार, जनसरोकारी, बहुमुखी बहुमुखी दीनेन्द्र सोनवाने का अल्पायु में बुधवार को अकस्मात, हृदय घात से देवलोक गमन हो गया। गमगीन भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर भाजपा जिला परिवार की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अपनी विनम्र शब्दांजलि में सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा कि ऐसे पुण्यात्मा का यू ही चले जाना व्यक्तिगत, अधिवक्ता जगत, जिले और भारतीय जनता पार्टी के लिए गहरा आघात और अपूर्णीय छति है। जिसकी भरपाई युगो युगिन असंभव है। देवलोक गामी ऐसे व्यक्तित्व, कृतित्व और अस्तित्व के धनी थे जिन्हें लोग अपना आदर्श मानते थे। जिन्होंने अपना सारा जीवन जनसरोकार, संस्कारिक, सामाजिक, धार्मिक और विधिक सेवा में खपा दिया।

### 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का होगा आयोजन

**बालाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2024 को मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। जिला स्तर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह पूर्वक प्रातः 11.00 बजे से आयोजित होगा।

### गणतंत्र दिवस व भारत पर्व के संबंध में 16 जनवरी को बैठक होगी आयोजित

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्देशित करते हुये बताया है कि कलेक्टर सभा कक्ष में 16 जनवरी दिन मंगलवार को दोपहर 1 बजे बैठक का आयोजन किया जायेगा। बैठक मे मुख्य रूप से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस व भारत पर्व की तैयारियो व रूपरेखा के संबंध में चर्चा की जायेगी।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आज

**बालाघाट।** जिले में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आज शुक्रवार को सुबह 11.00 बजे से आयोजित किया जा रहा है। मेले में अलग-अलग कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर जिले के शिक्षित बेरोजगारों का चयन किया जायेगा। मेले में भाग लेने के लिये आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता 8वी, 10वीं, 12वीं, स्नातक, एवं, आईटीआई आदि अन्य योग्यता तथा आयु सीमा 18 से 35 वर्ष होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पजीयन कार्ड आदि लेकर मेले में उपस्थित हो सकते हैं। रोजगार मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय बालाघाट में प्रातः 11.00 बजे से सायं 4:00 बजे तक किया जायेगा।

# पुलिस ने आरोपियों का निकाला जुलूस : प्रॉपर्टी ब्रोकर पर किया था हमला, विरोध में हिंदूवादी संगठनों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट पुलिस ने गुरुवार का तीन आरोपियों का जुलूस निकाला। इस दौरान पुलिस आरोपियों की लाठी-डंडों से पिटाई भी की। पुलिस ने कहा कि आरोपियों का जुलूस इसलिए निकाला गया, ताकि लोगों में इनका भय ना रहे।

दरअसल, बालाघाट जिले के भरवेली में बुधवार-गुरुवार की रात कुछ लोगों ने मिलकर प्रॉपर्टी ब्रोकर के साथ मारपीट की थी। इसके बाद हिंदूवादी संगठन ने भरवेली में धरना प्रदर्शन किया। जिसके चलते पूरा नगर गुरुवार सुबह से बंद रहा।

### आरोपियों को कर सकते है जिला बदर

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर ने बताया कि पीड़ति विजेश बावने जब परिवार के साथ एक पानठेला में गाड़ी रोककर पान खाने पहुंचे थे। यहां उनके साथ परवेज खान और उसके साथियों ने विवाद किया। इसमें रात्रि में ही शिकायत के बाद अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने आरोपियों को राउंडअप किया।

पुलिस को क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि आरोपी दुकानदार और ग्राहकों को परेशान करते थे, जिन्होंने आतंक मचा रखा था। इसलिए उनका जुलूस निकाला गया। फिलहाल भरवेली में माहौल शांतिपूर्ण है। पूर्व में भी इन पर अपराध दर्ज है, जिनका आपराधिक रिकॉर्ड निकाला जा रहा है। जरूरत पड़ी तो इनका जिला बदर भी किया जाएगा।

### मारने के लिए उठाया पत्थर

जानकारी के अनुसार, परवेज खान और उसके अन्य साथियों ने आंवलाझरी कटिंगटोला निवासी प्रॉपर्टी ब्रोकर विजेश बावने से उस वक्त मारपीट की, जब वह बेटी के साथ कार से भरवेली में बबलू पान सेंटर में पान खाने पहुंचा था। यहां पहुंचे परवेज और उसके साथियों ने कथित रूप से जय श्री राम के नारे लगाने और दंगे करवाने की बात कहकर उसके साथ हाथापाई की और जान से मारने का प्रयास करते हुए पत्थर उठाया।



### 'जय श्री राम के नारे लगाता है मारो इसे'

पीड़ति विजेश ने बताया कि वह रात लगभग 10 बजे भरवेली में बबलु पान सेंटर में बेटी के साथ पान खाने आया था। वहां कोई अन्य नहीं था, इसी दौरान परवेज खान अपने अन्य साथियों के साथ आया और मुझे कहने लगा कि इसे निपटाओ, यह दंगे करवाने का प्रयास करता है, बहुत जय श्री राम के नारे लगाता है और हाथापाई करने लगे।

उन लोगों ने मेरे सिर पर हमला किया और बेटी के साथ धक्का मुक्की की। परवेज और उसके साथियों ने मुझे जान से मारने के लिए पत्थर भी उठाया। विजेश ने बताया कि उसकी, परवेज से कोई रंजिश नहीं है और ना ही हम कभी आमने-सामने हुए है। विजेश बावने का कहना है कि जिस परवेज और उसके साथियों ने उस पर हमला किया, उसके साथ मेरी कोई रंजिश नहीं है।

# भूमि के छोटे टुकड़े से भी किसान प्राकृतिक खेती की कर सकते है शुरुवात : कृषि वैज्ञानिक डॉ. राउत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव में 8 जनवरी को 2 दिवसीय प्राकृतिक खेती सह-प्रशिक्षक का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉ. आरएल राउत ने समापन सत्र में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के संबंध में कहा कि यह आवश्यक नही कि एक साथ पुरे खेत में प्राकृतिक खेती की शुरुआत की जाये। इसकी शुरुआत किसान छोटे से भूमि के टुकड़े पर भी कर सकता है। डॉ. राउत ने किसानों के समक्ष रासायनिक खेती के नुकसान तथा प्राकृतिक खेती से किसानों की आय और स्वास्थ्य लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसआर धुवारे ने प्राकृतिक खेती व जैविक खेती के महत्व के बारे में चना, सरसो और गेहू आदि फसलों से अच्छे उत्पादन लेने तकनीक के बारे में बताया। इस कार्यशाला में बड़गांव सरपंच श्रीमती ललीता नगपुरे, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री सीबी देशमुख , कृषि महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. शरद बिसेन व अन्य उपस्थित रहे। समापन के दौरान कृषि उपसंचालक श्री राजेश कुमार खोब्रागढ़े ने प्राकृतिक खेती में देशी गाय के महत्व और उससे निकलने वाले पदार्थो का खेती में उपयोग कर लाभ प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यशाला के दौरान रागी फसल की खेती करने के लिये किसानों को रागी बीज के मिनी कीट वितरित किये गये। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एसआर धुवारे, वैज्ञानिक डॉ. रमेश अमुले, डॉ. शरद बिसेन ने भी सम्बोधित कर जैविक खेती तथा प्राकृतिक खेती के उत्पाद की पैकेजिंग, मौसम के पूर्वानुमान आदि के बारे में जानकारियॉ दी।



## शिविर लगाकर दिव्यांगजनों को प्रदान किया यूडीआईडी कार्ड
# जनपद पंचायत कटंगी परिसर में आयोजित हुए शिविर

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

आधार कार्ड की तर्ज पर दिव्यांगजनों को विशेष पहचान वाला यूडीआईडी कार्ड प्रदान कराने के लिए गुरुवार को जनपद पंचायत कटंगी परिसर में शिविर का आयोजन किया गया. भारत सरकार सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के आदेशानुसार शिविर आयोजित हुआ. जिसमें कटंगी विकासखंड के तमाम दिव्यांगजनों ने हिस्सा लेकर शिविर में प्रदान की जाने वाली सेवाओं को लाभ लिए. शिविर में यूडीआईडी कार्ड के लिए पंजीयन, नए अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, मानसिक दिव्यांगों का परीक्षण किया गया. इसके साथ ही जिन दिव्यांगजनों को उपकरण की आवश्यकता है ऐसी दिव्यांगजनों की पहचान की गई. शिविर में दिव्यांगजनों ने आय प्रमाण पत्र के लिए भी आवेदन किया जिन्हें तत्काल प्रमाण पत्र प्रदान किया गया. दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए प्रमाणित दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड (यूनिक आईडी फॉर पर्सन विद डिसेबिलिटी) जारी किया जा रहा है. इस कार्ड की विशेषता है कि दिव्यांग देश के किसी भी कोने में राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।



# हॉकी एस्ट्रोटर्फ में लगी आग : चार बंडल जलने से लाखों का नुकसान; हॉकी संघ ने विद्यार्थियों ने लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में हॉकी खेल मैदान के लिए आई एस्ट्रोटर्फ में गुरुवार को आग लग गई। इससे टर्फ जल गई। महासचिव विजय वर्मा ने बताया कि एमजीएम स्कूल के बच्चों ने बिड़ी-सिगरेट पी होगी, इस वजह से आग लग गई। जब तक दमकल वाहन पहुंचता, तब तक यहां कामगारों ने पाइप से पानी डालकर आग बुझा दी। चार से पांच बंडल आग की चपेट में आ गए।

स्कूल के प्रभारी प्राचार्य शैलेन्द्र राहंगडाले ने विद्यार्थियों पर लगाए आरोप को खारिज करते हुए कहा कि हॉकी संघ इसकी सुरक्षा करे। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने कहा कि हॉकी संघ के पदाधिकारी ठेकेदार को बचाने का काम कर रहे हैं। घटिया एस्ट्रोटर्फ को जानबूझकर जलाया गया है। इसकी जांच होनी चाहिए, दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

**एस्ट्रोटर्फ आगजनी की जांच कराएं:** पूर्व सांसद ने कहा कि पूरे स्टेडियम का निर्माण ही मापदंड के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण इसे डिसमेंटल करके पुनः बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अच्छे से अच्छा मैदान भी 4 करोड़ तक बन जाता। वर्तमान में जो मैदान बन रहा है, उसमें राष्ट्रीय स्तर का मैच नहीं हो सकता है। इससे अच्छा तो पूर्व का ग्राउंड था। उन्होंने कहा कि मैदान के अच्छा नहीं बनने के बावजूद हॉकी संघ और नेहरू स्पोर्टिंग के पदाधिकारी क्या कर रहे हैं। जिस शख्स ने जिले के हॉकी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, उसके नाम के ही सभामंच को तोड़ दिया गया और जिम्मेदार लोग आंख बंदकर देखते रहे। उन्होंने कहा कि एस्ट्रोटर्फ आगजनी की जांच होनी चाहिए।

### विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के छात्रावास का औचक निरीक्षण करने पहुँचे कलेक्टर

**बालाघाट।** कलेक्टर ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा गुरुवार शाम को मुख्यालय स्थित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के छात्रावास का औचक निरीक्षण करने पहुँचे। इस दौरान उन्होंने छात्रावास की साफ सफाई, भोजन व्यवस्था आदि की जानकारी ली। साथ ही छात्रावास के कर्मचारियों के रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी बच्चो को स्वयं के व्यय से चप्पल भी प्रदान किये। इसके अलावा टेबल कुर्सी की व्यवस्था करने तथा साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय, सर्व शिक्षा अभियान के समन्वयक ड़ॉ. महेश शर्मा उपस्थित रहे।

### निर्यात एक्सपोर्ट काउंसलिंग की कार्यशाला का आयोजन कल

**बालाघाट।** मेक इन इंडिया अंतर्गत एवं निर्यात एक्सपोर्ट बंधु स्कीम अंतर्गत जिले में निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 13 जनवरी को 11 बजे शीतल पैलेस में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला का आयोजन विदेश व्यापार निदेशालय द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला में इंदौर के विशेषज्ञों द्वारा एक्सपोर्ट के लिये पंजीयन, एक्सपोर्ट फायेनेंस एक्सपोर्ट सुविधायें ई-कामर्स आदि गतिविधियों संबंधी जानकारी प्रदान की जावेगी। जिले के निर्यात करने वाले, निर्यात में रूचि रखने वाले उद्योगों, उद्यमियों से निवेदन है कि कार्यशाला में उपस्थित होकर निर्यात के संबंध में जाने वाली परेशानियों के निवारण एवं सुविधापूर्वक निर्यात करने संबंधी आवश्यक जानकारियों प्राप्त कर कार्यशाला का लाभ ले सकते है।

# नेवरगांव स्थित ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के वारासिवनी क्षेत्र के नेवरगांव स्थित ज्वेलरी शॉप में 7 जनवरी को हुई चोरी के मामले में पुलिस ने वारासिवनी में पानीपुरी का ठेला लगाने वाले अधेड़ सहित सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने प्रेसवार्ता में मामले का खुलासा किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर भी मौजूद थे।

एसपी समीर सौरभ ने बताया कि यूपी के जालोन से लगभग 25 वर्ष पूर्व कमलेश पिता राम किशोर शर्मा वारासिवनी आकर गुपचुप (पानीपुरी) का व्यवसाय करने लगा। वह क्षेत्र में रैकी कर जालोन के अपने साथियों को सूचना देता था। जो यहां आकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। इस बार गुपचुप वाले की जानकारी पर ज्वेलरी शॉप में चोरी करने उसके साथी कार से आए थे।

कार को ट्रेस कर पुलिस यूपी के जालौन पहुंची और आरोपियों को गिरफ्तार कर बालाघाट लाई। आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में बालाघाट, लालबर्रा और सिवनी में चोरी के बारे में बताया है। एसपी समीर सौरभ ने बताया कि इस मामले में वारासिवनी के ही एक ज्वेलर के बारे में जानकारी मिली, जिसे चोरी के गहने दिए जाते थे।

वारासिवनी पुलिस ने नेवरगांव चोरी के मामले में उत्तर प्रदेश के जालौन निवासी रिजवान पिता जाहर अली शाह, रमजानी पिता शेख मंसूरी, मोहम्मद इमरान पिता अतीक खान, उरई निवासी इकबाल पिता अकबर अली, जालौन निवासी अभिषेक पिता वनोद कुमार, उरई निवासी रवि पिता महेन्द्र कुमार पाल और वारासिवनी वार्ड क्रमांक 8 निवासी गुपचुप वाला 48 वर्षीय कमलेश पिता रामकिशोर शर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए चांदी के आभूषण, कार, कट्टा और तलवार बरामद की है।

# बैहर ब्लॉक के अतिथि शिक्षकों के द्वारा मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह को अपनी समस्याओ को रख़ते हुए ज्ञापन सौंपा
## फूल मालाओं से मंत्री का किया स्वागत





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

10 जनवरी को जनजातीय कार्यविभाग के प्रमुख मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह जी को बैहर ब्लॉक के समस्त अतिथि शिक्षकों के द्वारा शासकीय कन्या छात्रावास में फूल मालाओ के साथ स्वागत कर अपनी समस्याओ को रख़ते हुए ज्ञापन सौंपा गया जिसमे अतिथि शिक्षक संदीप वैध, शिवपाल ठाकरे, दिनेश्वर यादव के दुवारा महापंचायत में की गई घोषणा को शीघ्र लागु करने तथा लम्बे समय से वेतन ना होने पर दुःख व्यक्त करते हुए बताया गया कि अतिथि शिक्षक लगभग 50 से 60 की.मी.दूरी तय करते हैं और ईमानदारी से स्कूलों का समय पर कार्य करते है किन्तु वेतन नहीं होने से आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में परिवार का भरण पोषण करने में समस्या होती है। अतिथि शिक्षकों का प्रतिमाह वेतन शीघ्र करें तथा महापंचयात में की गई घोषणाओ को लोकसभा चुनाव के पूर्व लागु करें। इस दौरान समस्त अतिथि शिक्षक सीमा डाहटे, स्मिता कावड़े, मिताली तिवारी, शक्ति माहुले , माखन धार्विया, पवन नागेश्वर, सूरज खरे, दिव्या सोनी, निशा अमुले, गायत्री कावरे, जितेन्द्र पंचेश्वर, पन्नालाल यादव, धुपसिंह मरकाम, सीमा मरकाम, पंकज चक्रवती, तनु वर्मा, ललित बघेल,उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक हुई सम्पन्न
# धान उपार्जन में कोई किसान छूटे नहीं, स्लॉट बुक करने पर फोकस हो : डॉ.मिश्रा
## पिछले 5 दिनों में 50341 एमटी धान किया गया परिवहन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर व जिला उपार्जन समिति के अध्यक्ष ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिला स्तरीय समिति की बैठक में सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिन किसानों ने पंजीयन कराया है। वे किसान धान उपार्जन में छुटे नहीं। सोसाइटीवार जानकारी लेकर स्लॉट बुकिंग की तैयारी रखें। शासन द्वारा उपार्जन की आखरी तारीख 19 जनवरी है इससे 7 दिनों पूर्व स्लॉट बुक कर सकते है। इस लिहाज से आखरी दिन 12 जनवरी शुक्रवार को किसानों की संख्या बढ़ सकती है। सोसायटी स्तर पर किसानों को अवगत भी कराया जाए। कलेक्टर ड़ॉ. मिश्रा ने उन खरीदी केंद्रों की जानकारी प्राप्त की जहां पर्याप्त स्थान नही है वहां बचें हुए किसानों का आंकलन कर परिवहन में तेजी लाएं। साथ ही गत वर्षों में सम्बंधित केंद्रों पर हुई खरीदी का आकंलन कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी होगी। बैठक में सहकारी केंद्रीय बैंक सीईओ श्री आरसी पटले, खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल आर्य, डीएमओ श्री हीरेन्द्र रघुवंशी, कृषि उपसंचालक श्री राजेश कुमार खोबरागड़े उपस्थित रहे।

### पिछले 5 दिनों में 1910 ट्रकों से हुआ धान परिवहन

बैठक के दौरान धान परिवहन की जानकारी देते हुये डीएसओ श्री रघुवंशी ने बताया कि 5 जनवरी से 10 जनवरी के बीच कुल 1910 ट्रकों के माध्यम से 50341 मीट्रिक टन धान परिवहन किया गया है। सबसे अधिक धान परिवहन 9 जनवरी को 13770 मीट्रिक टन 453 ट्रकों के माध्यम से हुआ। इसके अलावा 8 जनवरी को 408 ट्रकों से 12540 मीट्रिक टन, 10 जनवरी को 399 ट्रकों से 12150 एमटी, 7 जनवरी को 380 ट्रकों से 11580 एमटी और 6 जनवरी को 270 ट्रकों से 301 मीट्रिक टन धान परिवहन किया गया। इसी दिन 31 ट्रक गोदामों में हाल्टिंग पर रहे। इसी तरह पिछले 5 दिनों में 1 लाख 48 हजार 614 मीट्रिक टन धान खरीदा गया। जबकि अब तक कुल 87113 किसानों से धान खरीदते हुये 63187 को 410.8 करोड़ रुपये का भूगतान किया जा चुका है। वहीं समाचार लिखे जाने तक कुल 457946 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। डीएमओ श्री रघुवंशी ने जानकारी देते हुये बताया कि गुरुवार की स्थिति में 4 लाख 22 हजार 777 मीट्रिक टन धान के परिवहन की तैयारी की जा चुकी है।

# जरूरतमंदों को कड़ाके की ठंड में कम्बलों एवं गर्म कपड़ों का वितरण



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** गुरूवार को तह. लालबर्रा ग्राम कनकी आवास टोला में चयनित 11 परिवार जो कि झुग्गी - झोपडी में रह रहें, मजदूरी कर अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं। जरूरतमंद परिवारों को आदर्श दानपात्र सेवा समिति एवं जन सहयोग से शॉल, जूते-चप्पल, मोजे, पैंट-शर्ट, सूट, हैंडबैग, गर्म कपडे एवं कम्बलो का वितरण किया गया, ताकि वह इस कड़ाके की ठंड से निजात पा सके एवं उनके अधिकार, स्वास्थ्य एवं बच्चों की शिक्षा के विषयों पर चर्चा परिचर्चा की गई। जरूरतमंद बच्चों के लिए आदर्श दानपात्र सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क पाठशाला अभियान के तहत इन बच्चों को पढ़ाया जा रहा हैं, ताकि वह पढ़-लिखकर एक अच्छा इंसान बन सके। साथ ही समिति द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। दानदाता आशालता वैद्य, ब्रजबिहारी डोगरे, प्रणीत नागवंशी, लताकिरण रंगारे जी एवं समिति के सभी सदस्यों,दानदाताओं, योद्धाओं का हम आभार व्यक्त करते हैं।